Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to resume train services in Jakhal-Hissar Rail Section that had been discontinued after the outbreak of corona pandemic.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (**सिरसा**): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपनी कांस्टिट्यूएंसी की तरफ दिलाना चाहती हूं। … (व्यवधान) वर्ष 1913 में निर्मित उत्तर रेलवे के अधीन जाखल-हिसार सेक्शन पर मेरी लोक सभा सिरसा क्षेत्र में गाजुवाला, पृथला, जमालपुर शेखा और कुडनी स्टेशन आते हैं। इन चार स्टेशनों के आस-पास बहुत सारे गाँव हैं। यह 108 साल पुराना सेक्शन है। … (व्यवधान) कोरोना काल से पहले इस सेक्शन से मात्र 8 जोड़ी रेलगाड़ियों का संचालन होता था, जिसमें मेरी संसदीय क्षेत्र के अंदर केवल 5 जोड़ी रेलगाड़ियों का ठहराव होता था। लेकिन, कोरोना काल के बाद इस सेक्शन में केवल 5 जोड़ी रेलगाड़ियों का ठहराव हो रहा है। जो मेरा इलाका है, उसमें केवल एक रेलगाड़ी का ठहराव हो रहा है। जमालपुर शेखा गांव में 10 हजार लोगों की आबादी है, लेकिन वहां पर एक भी रेलगाड़ी का ठहराव नहीं है। … (व्यवधान)

मैं, आपके माध्यम से आदरणीय रेल मंत्री जी से यह आग्रह करना चाहती हूं कि 108 साल पुराने इस सेक्शन की तरफ ध्यान दिया जाए। कोरोना से पहले जो 8 जोड़ी रेलगाड़ियों के संचालन की व्यवस्था थी, उनको फिर से शुरू किया जाए तथा मेरी कांस्टिट्यूएंसी में जिन पांच रेलगाड़ियों का संचालन होता था, उनको पुन: शुरू किया जाए। अंत में, मैं कहना चाहती हूं कि 10 हजार की आबादी वाले जमालपुर शेखा गांव में ज्यादा से ज्यादा ट्रेनों का ठहराव दिया जाए। … (व्यवधान)